बराड़ाः कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्टाफ व विद्यार्थी। (छायाः रहमदीन)

'प्रभु यीशू ने जीवन पर्यंत मानवता की शिक्षा दी'

बराड़ा, 24 दिसम्बर (रहमदीन) : लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में 'क्रिसमस डे' धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय प्रांगण को क्रिसमस ट्री तथा आकर्षक झांकियों के द्वारा सजाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रबंधन समिति के चेयरमैन राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश सांगवान व प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने शिरकत की। विद्यार्थियों के द्वारा इस त्योहार के इतिहास पर भाषण, कविता पाठ, क्रियात्मक गीत तथा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि तथा प्राध्यापको द्वारा ईसा मसीह तथा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने कहा कि प्रभु यीशू ने जीवन पर्यंत मानवता की शिक्षा दी। प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने विद्यार्थियों को प्रभु ईसा मसीह द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। प्राध्यापक नरेश कुमार ने भारतीय संस्कृति को विश्व की अनेक संस्कृतियों का समावेश कहा और साथ ही उन्होंने गुरु गोबिन्द सिंह के चार सुपुत्रों के बलिदानों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मंच संचालन प्राध्यापक अनिल ने किया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
25-Dec-2021
Page: 9
http://www.ajitsamachar.com/20211225/27/9/1_1.cms